हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 198 देहरादून, बृहस्पतिवार, 26 जनवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08

देश-प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# बेटी का अपमान करने वाले के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होगी : मुख्यमंत्री

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 25 जनवरी । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर परेड ग्राउण्ड देहरादून स्थित नवीन बहुद्देशीय हॉल में 'महिलाओं की खेल में सहभागिता' विषय पर आयोजित सेमिनार में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न खेलों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले महिला खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सभी बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस महिला सशक्तिकरण को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने और बालिकाओं को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए चल रहे प्रयासों को और अधिक मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि बेटियों की सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। राज्य का मुख्य सेवक होने के नाते प्रदेश की किसी भी बेटी का अपमान करने वाले के खिलाफ हम कठोरतम कार्रवाई करने से कभी पीछे नहीं हटेंगे। हमारी बेटियां हमारी शान, मान एवं अभिमान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में तीलू रौतेली, टिंचरी माई, गौरा देवी, चन्द्रप्रभा ऐतवाल, गंगोत्री गर्ब्याल और बछेंद्री पाल, वंदना कटारिया जैसे अनेक नाम हैं जिन्होंने हर चुनौती को छोटा साबित करते हुए प्रदेश का मान और सम्मान बढ़ाया। आज हमारी बेटियों ने हर क्षेत्र में अपना एक अलग




मुकाम बनाया है और प्रदेश का नाम रोशन किया है। शिक्षा से लेकर खेल के मैदान और वैज्ञानिक अनुसंधान से लेकर सेना के अभियान तक में हमारी बेटियां बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई विभिन्न योजनाएं हमारी बेटियों को और अधिक आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में सहयोग प्रदान कर रही हैं। राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने का प्राविधान किया है। उन्होंने कहा कि कुछ माह पूर्व ही राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की 80 हजार बालिकाओं को 323 करोड़ रुपये की धनराशि "नंदा गौरा योजना" के अंतर्गत हस्तांतरित की गई थी। जो निश्चित ही हमारी बेटियों के बेहतर भविष्य की नींव रखने में काम आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यालयों मे बेटियों के नामांकन में बढ़ोतरी हुई है और लिंगानुपात में सुधार हुआ है, इससे स्पष्ट है कि बेटियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं सफल हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के मूलमंत्र को लेकर राज्य सरकार ने भी बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा,स्वास्थ और कौशल विकास तक के लिए विभिन्न योजनाएं प्रारंभ की हैं, जिनमें "महालक्ष्मी किट योजना", "खुशियों की सवारी" योजना, "नंदा गौरा" योजना, "मुख्यमंत्री आंचल अमृत" योजना, "मुख्यमंत्री महिला पोषण" जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 2025 में उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती मनाएगा, उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का जो लक्ष्य रखा है, उसमें हमारी बेटियों और मातृशक्ति की अहम भूमिका होगी।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास तथा खेल मंत्री रेखा आर्या ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य महिला आयोग द्वारा खेल को केंद्रित करते हुए बालिकाओं को लेकर सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है, यह सराहनीय पहल है। राज्य में बालिकाएं खेल के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़े इसके लिए राज्य में नई खेल नीति में हर संभव सुविधा देने के प्रयास किए गए हैं। खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए आर्थिक संकट से न गुजरना पड़े, इसके लिए नई खेल नीति में हर सुविधा देने के प्रयास किए गए है। खिलाड़ियों को भोजन के लिए दी जाने वाली धनराशि 150 रुपए से बढ़ाकर 175 रुपए की गई है। राज्य में लगभग 3900 बच्चों को मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत 1500 रुपए प्रति बच्चे को छात्रवृत्ति दी जा रही है, जिसमें 50 प्रतिशत बालिकाएं शामिल हैं। इस अवसर पर विधायक खजान दास, सविता कपूर, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल, खेल निदेशक जितेन्द्र सोनकर एवं राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आई बालिकाएं मौजूद थी।

## परेड ग्राउंड में दिखेगा पूरा उत्तराखंड, मेगा शो तैयार



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 25 जनवरी । आज देहरादून के परेड मैदान में उत्तराखंड दिखाई देगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छोलिया नृत्य (अल्मोड़ा), जौनसार बावर पौराणिक सांस्कृतिक लोक कला मंच एवं सामाजिक संस्था चकराता द्वारा हारूल नृत्य, श्री राजेश्वरी पर्यावरण एवं संस्कृति समिति उत्तरकाशी द्वारा रांसो नृत्य( नरू बिरोला, संगम सांस्कृतिक समिति द्वारा मेला नृत्य (गढवाली नृत्य), कुमाऊ लोक सांस्कृतिक कला दर्पण लोहाघाट चम्पावत द्वारा छपेली नृत्य, प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं सेना एवं पुलिस, होमगार्ड, पूर्व सैनिकों द्वारा परेड एवं पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल महिला बैंड द्वारा प्रस्तुती दी जाएगी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 9 विभागों की झांकियां लगेगी जिनमें उद्यान, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास, पर्यटन, ग्राम्य विकास, वन एवं पशुपालन विभागों की झांकियां रहेगी। तो आप भी परेड मैदान में अपने देवभूमि की अद्भुत नज़ारों को निहारने के लिए पहुंचियेगा ज़रूर।

## जी 20 समिट से मिलेगी वैश्विक पटल पर उत्तराखण्ड को पहचान : मुख्यमंत्री

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 25 जनवरी । आगामी 25 से 28 मई एवं 26 से 28 जून 2023 में उत्तराखण्ड में प्रस्तावित जी-20 की बैठकों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं में तेजी लाई जाए। उत्तराखण्ड में होने वाली जी-20 की बैठकों के जिस विभाग को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, संबंधित विभागीय सचिव उसकी नियमित समीक्षा करें।

उत्तराखण्ड में होने वाली जी-20 की बैठकों की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री प्रत्येक 15 दिन में स्वयं समीक्षा करेंगे। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में जी-20 समिट की तैयारियों की बैठक के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा इस आयोजन से उत्तराखण्ड को वैश्विक पटल पर नई पहचान मिलेगी। जी-20 देशों के प्रतिनिधि ऋषिकेश में गंगा आरती में भी प्रतिभाग करेंगे।

इससे मां गंगा के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व से भी सम्मेलन के प्रतिभागी परिचित हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में मई एवं जून में होने वाली जी-20 की दोनों बैठकों में जी-20 एवं आमंत्रित देशों के जो प्रतिनिधि शामिल होंगे। उनके सामने जो भी प्रस्तुतीकरण दिया जाना है, उसकी समय पर पूरी तैयारियां कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का यह हमारे पास एक अच्छा अवसर है। यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि जिन उत्पादों को हम व्यापक स्तर पर वैश्विक पहचान दिला सकते हैं,






उनकी विशिष्टता की पहचान कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में जी-20 की जो दो बैठकें आयोजित होंगी, इसमें प्रयास किये जायेंगे कि एक बैठक गढ़वाल मण्डल एवं एक बैठक कुमांऊ मण्डल में हो। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में होने वाली जी-20 संबंध में जन जागरूकता के लिए शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, सूचना विभाग एवं पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। जनपदों में शिविरों के माध्यम से भी लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जी-20 की बैठकों में आयोजन स्थल पर उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों पर आधारित स्टॉल लगाये जाएं। उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। आयोजन स्थल पर योग एवं पंचकर्म की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड योग की धरती है, योग एवं आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए जो कार्य किये जा रहे हैं, समिट में इसका प्रस्तुतीकरण भी दिया जाए। राज्य में होने वाले जी-20 की बैठक के बेहतर आयोजन के लिए राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के सुझाव भी लिए जायेंगे। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस.संधु, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, अपर पुलिस महानिदेशक वी. मुरूगेशन, ए.पी अंशुमन,सचिव आर.मीनाक्षी सुदंरम, अरविन्द सिंह ह्यांकी, सचिन कुर्वे, बी.वी.आर.सी पुरूषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, विनोद कुमार सुमन, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी टिहरी डॉ. सौरभ गहरवार वर्चुअल माध्यम से गढ़वाल कमिश्नर सुशील कुमार, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका आदि अधिकारी उपस्थित थे।

### अवकाश सूचना

न्यूज वाइरस समाचार पत्र के कार्यालय में 26 जनवरी, 2023 को अवकाश रहेगा। अतः हमारा अगला अंक शनिवार, 28 जनवरी 2023 को मिलेगा।

-संपादक

# 26 जनवरी पर यहाँ सब कुछ हुआ तिरंगा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जनवरी , गणतंत्र दिवस के मौके पर जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। ऐसे में अगर आप स्कूल कॉलेज या किसी फंक्शन में कुछ हटके पहनना चाहते हैं, तो हम आपको बताते हैं तिरंगा ड्रेसिंग आईडिया...26 जनवरी 2023 को देश अपने संविधान की 74 वीं वर्षगांठ मना रहा है। गणतंत्र दिवस के इस मौके पर स्कूल, कॉलेज, ऑफिस और लगभग सभी जगह पर झंडा वंदन और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ऐसे में इस तरह की ड्रेस कैरी कर आप रिपब्लिक डे के फंक्शन में सबसे अलग और अट्रैक्टिव लग सकती हैं। गणतंत्र दिवस के मौके पर आप ऑरेंज, व्हाइट और ग्रीन कलर की कोई खूबसूरत सी साड़ी कैरी कर सकते हैं। इसमें कई सारे फैब्रिक जैसे- जॉर्जेट, शिफॉन, सिल्क या कॉटन अच्छा लगता है।

अगर ट्राई कलर में कुछ अलग पहनना चाहते हैं, तो फैशनेबल फ्यूजन साड़ी कैरी कर सकते हैं। इसमें आप ऑरेंज कलर की धोती पर ग्रीन ब्लाउज के साथ व्हाइट कलर की हाफ ड्रेप साड़ी कैरी कर सकते हैं। यह स्टाइल काफी अनोखा और अलग लगेगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर अगर आप ट्रेडिशनल और सिंपल लुक अपनाना चाहते हैं, तो व्हाइट कलर के कुर्ती और प्लाजो के साथ ट्राई कलर में रंगी हुई चुनरी कैरी कर सकते हैं। इस तरीके का लखनवी कुर्ता जिसे ऑरेंज, व्हाइट और ग्रीन कलर में रंगा गया है यह भी गणतंत्र दिवस के मौके पर बहुत ही अच्छा लुक आपको देगी। ड्रेस इसके अलावा आप गणतंत्र दिवस के मौके पर ऑरेंज, व्हाइट और ग्रीन कलर की चूड़ियां पहन सकते हैं। जिससे आप का लुक और ज्यादा अट्रैक्टिव लगेगा।

आजकल नेल आर्ट का बहुत ज्यादा ट्रेंड बढ़ गया है। ऐसे में आप गणतंत्र दिवस की थीम पर अपने नेल्स को पेंट कर सकते हैं और तरह-तरह के डिजाइन इस पर बना सकते हैं। अगर आप गणतंत्र दिवस पर अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करना चाहते हैं तो आप मेकअप करते समय आईशैडो में ट्राई कलर्स डाल सकते हैं। यह काफी इंटरेस्टिंग और क्रिएटिव लगेगा।





## टीम लीडर के एस चौहान के साथ उत्तराखंड झांकी की टीम से मिले पीएम मोदी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली / देहरादून । गणतंत्र दिवस के पहले उत्तराखंड सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के संयुक्त निदेशक और झांकी के टीम लीडर के0एस0 चौहान के नेतृत्व में 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन हेतु चयनित "मानसखण्ड" पर आधारित उत्तराखण्ड की झांकी के कलाकारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास में भेंट की।

झांकी के कलाकारों द्वारा प्रधानमंत्री के समक्ष फ्यूजन नृत्य प्रस्तुत किया गया। कलाकारों द्वारा उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति को भी प्रदर्शित किया गया।

गौरतलब है कि 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन के लिए चयनित विभिन्न राज्यों की झांकियों के कलाकरों के साथ ही उत्तराखण्ड की झांकी के कलाकारों को भी 7, लोक कल्याण मार्ग में आयोजित समारोह में आमंत्रित किया गया था।

## लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगें, देहरादून पुलिस की शपथ



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 25 जनवरी । भारतीय निर्वोचन आयोग द्वारा प्रदत निर्देशो के क्रम में 13 वें मतदाता दिवस के अवसर पर वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम Theme के तहत लोकतान्त्रिक मतदाता सहभागिता को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से जनपद देहरादून के समस्त पुलिस थानों व कार्यालयों में मतदान हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन देहरादून तथा पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा पुलिस कार्यालय में नियुक्त सभी अधिकारी/ कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलायी कि-" हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगें तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।" राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों व शाखाओं में नियुक्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को भी मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई गई।

## मनोज सरकार स्टेडियम में विद्यार्थियों ने ली मतदान जागरूकता की शपथ



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर 25 जनवरी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम मनोज सरकार स्टेडियम में किया गया। जिसमें जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने विभिन्न विद्यालयों से आये हुए विद्यार्थियों को मतदान जागरूकता हेतु शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने कहा कि जितना अधिक मतदान होगा-लोकतन्त्र उतना ही सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र निर्माण हेतु सभी को देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखते हुए और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने सभी को जागरूक करते हुए कहा कि पात्रता पूरी कर रही युवा पीढ़ी मतदाता सूचि में अपना नाम अवश्य जुड़वाये। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में मतदाता सूचि की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर शतायु पूरी कर चुके मतदाता राधिका मंण्डल, दिव्यांग मतदाता जाहिर अंसारी, अच्छा कार्य करने वाली बीएलओ नीलम, कमला देवी, इन्दिरा पाण्डे को सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, तहसीलदार नीतू डागर, अन्तराष्ट्रीय खिलाड़ी मनोज सरकार, उत्तराखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के सचिव डीके सिंह, उप क्रीड़ा अधिरी निर्मला पन्त सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक, आदि उपस्थित थे।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर चमोली पुलिस की सार्थक पहल




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली , 25 जनवरी , चमोली पुलिस ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न ( रोकथाम, निषेध तथा निवारण ) विषय पर पुलिस कार्यालय गोपेश्वर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हिमाद समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन व रुद्रा रिसर्च डेवलेपमेन्ट फाउंडेशन ने कार्यस्थल में महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

अधिवक्ता गीता विष्ट ने बताया कि यह क़ानून कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को अवैध करार देता है ,यह क़ानून यौन उत्पीड़न के विभिन्न प्रकारों को चिन्हित करता है और यह बताता है कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की स्थिति में शिकायत किस प्रकार की जा सकती है, यौन उत्पीड़न क्या है, शिकायत किसे कर सकते हैं,आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी और प्रतिभागियों के मन में उठे सवालों और जिज्ञासाओं को दूर किया। हिमाद समिति /चाइल्ड हेल्पलाइन की सदस्य प्रभा रावत ने बताया कि यह क़ानून हर उस महिला के लिए बना है जिसका किसी भी कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न हुआ हो।


इस क़ानून में यह ज़रूरी नहीं है कि जिस कार्यस्थल पर महिला का उत्पीड़न हुआ है, वह वहां नौकरी करती हो। कार्यस्थल कोई भी कार्यालय/दफ्तर आदि हो सकता है, चाहे वह निजी संस्थान हो या सरकारी , हर वह स्थान कार्यस्थल होता है जहां महिला के साथ उत्पीड़न हुआ हो। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम 2013 में प्रभाव में आया था। जैसा कि इसका नाम ही इसके उद्देश्य रोकथाम, निषेध और निवारण को स्पष्ट करता है और उल्लंघन के मामले में पीड़ित को निवारण प्रदान करने के लिये भी ये कार्य करता है।

**गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं**

# एमडीडीए ने राजधानी देहरादून को शानदार ढंग से सजाकर दिखाया अपना हुनर





















उत्तराखण्ड शासन | 75 आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20 भारत 2023 INDIA

एक ही लक्ष्य - एक ही सपना
सर्वश्रेष्ठ बने उत्तराखण्ड अपना

# 26 जनवरी

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## संकल्प नये उत्तराखण्ड का

- प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरुप श्री केदारनाथ व श्री बदरीनाथ धाम का पुनर्निर्माण व पुनर्विकास। इस बार की चारधाम यात्रा में रिकार्ड 45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत प्रदेश के लगभग 9 लाख 38 हजार किसानों के खातों में लगभग 1767 करोड़ रुपये की राशि हस्तान्तरित की जा चुकी है।
- किसानों को तीन लाख रुपए और महिला स्वयं सहायता समूहों को बिना ब्याज के पांच लाख रुपए तक का ऋण।
- केंद्र सरकार से पौंटा साहिब-देहरादून, बनबसा-कंचनपुर, भानियावाला-ऋषिकेश, काठगोदाम-लालकुंआ-हल्द्वानी बाईपास और रुद्रपुर बाईपास परियोजनाओं की महत्वपूर्ण सौगात।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से कार्य गतिमान, टनकपुर-बागेश्वर और डोईवाला से गंगोत्री-यमुनोत्री रेललाइन के सर्वे पर सहमति।
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोप-वे हेतु पर्वतमाला परियोजना, प्रधानमंत्री जी द्वारा गौरीकुण्ड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुण्ड साहिब रोप-वे का शिलान्यास।
- अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना में सभी परिवारों को 5 लाख रुपये वार्षिक तक के निःशुल्क ईलाज की सुविधा।
- सरकारी नौकरियों में महिलाओं को मिलेगा 30% क्षैतिज आरक्षण।
- मुख्यमंत्री वात्सल्य योजनाः कोविड के कारण अनाथ बच्चों की देखभाल राज्य सरकार द्वारा।
- होम-स्टे योजना व वोकल फॉर लोकल के लिये एक जनपद दो उत्पाद योजना से अर्थव्यवस्था को मजबूती।
- समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ते कदम।
- जबरन धर्मान्तरण पर आया सख्त कानून।
- मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन से पौराणिक मन्दिरों का संरक्षण एवं पुनर्विकास।
- मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना में आंगनबाड़ी केन्द्रों के 2 लाख 13 हज़ार से ज्यादा बच्चों को भोजन के साथ फर्टिफाइड विटामिन A और D युक्त दूध दिया जा रहा है।
- निर्धन परिवारों को साल में 3 गैस सिलेण्डर मुफ्त।
- स्कूल और कॉलेज के बच्चों को मोबाइल टेबलेट दिये गये, सरकारी स्कूल के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें।
- मण्डुवा को बढ़ावा, केन्द्र से मिली मण्डुवा प्रोक्योरमेंट की मंज़ूरी।
- ईज़ आफ डूइंग बिजनेस में अग्रणी, स्टार्ट-अप में अचीवर्स श्रेणी में शामिल।



**सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण एवं संतुष्टि - उत्तराखण्ड सरकार का मूलमंत्र**

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

उत्तराखण्ड शासन | 75 आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

एक ही लक्ष्य - एक ही सपना
सर्वश्रेष्ठ बने उत्तराखण्ड अपना

26 जनवरी

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## संकल्प नये उत्तराखण्ड का

- प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरुप श्री केदारनाथ व श्री बदरीनाथ धाम का पुनर्निर्माण व पुनर्विकास। इस बार की चारधाम यात्रा में रिकार्ड 45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत प्रदेश के लगभग 9 लाख 38 हजार किसानों के खातों में लगभग 1767 करोड़ रुपये की राशि हस्तान्तरित की जा चुकी है।
- किसानों को तीन लाख रुपए और महिला स्वयं सहायता समूहों को बिना ब्याज के पांच लाख रुपए तक का ऋण।
- केंद्र सरकार से पौंटा साहिब-देहरादून, बनबसा-कंचनपुर, भानियावाला-ऋषिकेश, काठगोदाम-लालकुंआ-हल्द्वानी बाईपास और रुद्रपुर बाईपास परियोजनाओं की महत्वपूर्ण सौगात।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से कार्य गतिमान, टनकपुर-बागेश्वर और डोईवाला से गंगोत्री-यमुनोत्री रेललाइन के सर्वे पर सहमति।
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोप-वे हेतु पर्वतमाला परियोजना, प्रधानमंत्री जी द्वारा गौरीकुण्ड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुण्ड साहिब रोप-वे का शिलान्यास।
- अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना में सभी परिवारों को 5 लाख रुपये वार्षिक तक के निःशुल्क ईलाज की सुविधा।
- सरकारी नौकरियों में महिलाओं को मिलेगा 30% क्षैतिज आरक्षण।
- मुख्यमंत्री वात्सल्य योजनाः कोविड के कारण अनाथ बच्चों की देखभाल राज्य सरकार द्वारा।
- होम-स्टे योजना व वोकल फॉर लोकल के लिये एक जनपद दो उत्पाद योजना से अर्थव्यवस्था को मजबूती।
- समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ते कदम।
- जबरन धर्मान्तिरण पर आया सख्त कानून।
- मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन से पौराणिक मन्दिरों का संरक्षण एवं पुनर्विकास।
- मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना में आंगनबाड़ी केन्द्रों के 2 लाख 13 हज़ार से ज्यादा बच्चों को भोजन के साथ फर्टिफाइड विटामिन A और D युक्त दूध दिया जा रहा है।
- निर्धन परिवारों को साल में 3 गैस सिलेण्डर मुफ्त।
- स्कूल और कॉलेज के बच्चों को मोबाइल टेबलेट दिये गये, सरकारी स्कूल के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें।
- मण्डुवा को बढ़ावा, केन्द्र से मिली मण्डुवा प्रोक्योरमेंट की मंजूरी।
- ईज़ आफ डूइंग बिजनेस में अग्रणी, स्टार्ट-अप में अचीवर्स श्रेणी में शामिल।



**सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण एवं संतुष्टि - उत्तराखण्ड सरकार का मूलमंत्र**

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

# जंगलों को आग से बचाने के लिए पिरूल का निस्तारण आवश्यक : मुख्य सचिव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 25 जनवरी । मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने पिरूल (चीड़ की पत्ती) के निस्तारण एवं अन्य उपयोगों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर पिरूल से विद्युत उत्पादन हेतु लगाए गए कुछ प्लांट संचालक भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जंगलों को आग से बचाने के लिए पिरूल का निस्तारण आवश्यक है। उन्होंने पिरूल के निस्तारण के लिए उसके विभिन्न उपयोगों पर शोध किए जाने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि पिरूल से ब्रिकेट्स बनाकर ईंधन के रूप में उपयोग की सम्भावनाएं तलाशी जाएं। उन्होंने कहा कि प्रयोग के रूप में स्कूलों में मिड डे मील के लिए प्रयोग हो रहे रसोई गैस आदि के उपलब्ध न होने के समय इन बिकेट्स को ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे पिरूल का उपयोग हो सकेगा, इस रोजगार से जुड़े लोगों को एक बाजार भी मिलेगा। साथ ही, जंगलों को आग से बचाया जा सकेगा।


उन्होंने पिरूल के निस्तारण के लिए अन्य राज्य क्या कर रहे हैं, इसका भी अध्ययन कराए जाने के निर्देश दिए।मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि पिरूल को वन उत्पाद की श्रेणी से बाहर किए जाने हेतु शीघ्र शासनादेश किया जाए। इससे पिरुल एकत्र करने वाले लोगों को पिरुल एकत्र करने में सुविधा होगी। उन्होंने पिरूल से विद्युत उत्पादन हेतु लगाए गए प्लांट्स का स्वयं दौरा करने की भी बात कही। कहा कि पिरूल से विद्युत उत्पादन को व्यवहार्य बनाए जाने के लिए और क्या सुधार किया जा सकता है और पॉलिसी में और क्या बदलाव किया जा सकता है, इस पर भी विचार किया जाए।इसके उपरान्त मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में सोलर प्लांट्स को लगाए जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी सरकारी भवनों एवं स्कूलों की छत पर सोलर प्लांट्स लगाए जाने हेतु शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एक ओर सोलर एनर्जी पर्यावरण के अनुकूल है, वहीं दूसरी ओर यह विद्युत व्यय को बहुत कम करने में सक्षम है। इसे पूरे प्रदेश में जहां भी संभव हो, सरकारी भवनों में शुरू कराया जाना चाहिएइस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द वर्द्धन, सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकि, बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, विजय कुमार यादव, निदेशक उरेडा रंजना , अधीक्षण अभियन्ता यूपीसीएल एन.एस. बिष्ट एवं पिरूल प्लांट संचालक महादेव सिंह सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# बागेश्वर धाम : 2 दिन सपने में दिखे बंदर तो क़ुबूल होती है फरियाद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जनवरी , बागेश्वर धाम सरकार मंदिर, जी हां भगवान बालाजी की यह मंदिर और यहां के आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इस पूरे देश में इस वक्त चर्चा का विषय बने हैं। ऐसा दावा किया जाता है यहां आकर श्रद्धालु अपनी अर्जी लगाते हैं और उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होने के साथ ही उन्हें हर कष्ट से मुक्ति मिलती है। यहां आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भगवान बालाजी का दरबार लगाते हैं और अनजान लोगों को उनके नाम से बुलाते हैं। फिर पर्ची में लोगों की समस्या भी लिख देते हैं। आजकल ये बातें लोगों की जुबान पर चढ़ी है। तो आइए आज हम आपको बताते हैं कि कहां है यह बागेश्वर धाम सरकार मंदिर और क्या है यहां का इतिहास।



बागेश्वर धाम मंदिर एक पुराना चमत्कारी मंदिर है। यह मंदिर छतरपुर के पास बागेश्वर धाम में स्थित है और यह बालाजी का मंदिर है। यहां पर हनुमानजी के सामने ही महादेव जी का मंदिर है। बागेश्वर धाम मंदिर भगवान बालाजी का फेमस मंदिर है। ये छतरपुर जिले के खजुराहो पन्ना रोड पर मौजूद गंज नाम के छोटे से कस्बे से 35 किमी की दूरी पर स्थित है। 20 30 साल पहले करीब 1986 में इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था। उसके बाद यह मंदिर काफी प्रसिद्ध होता चला गया। वर्ष 1987 में वहां संत सेतु लालजी महाराज का आगमन हुआ। ये आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दादाजी थे। उसके बाद वर्ष 2012 में श्रद्धालुओं की समस्या का निराकरण करने के लिए दरबार का शुभारंभ हुआ। उसके बाद वर्ष 2016 में बागेश्वर धाम में भूमि पूजन हुआ और फिर भगवान बालाजी का यह धाम समस्याओं के निराकरण के लिए प्रसिद्ध हो गया।

बालाजी के इस धाम में मंगलवार को भक्तों की भीड़ उमड़ती है और लोग बालाजी के दरबार में अपनी अर्जी लगाते हैं। बागेश्वर धाम में पर्ची लगाने की प्रक्रिया बेहद सरल है। यहां आपको एक पर्ची पर अपनी समस्या लिखकर उसे लाल कपड़े में नारियल के साथ बांधकर यहां परिसर में रखना होता है। यहां पर आपको लाल, पीले और काले कपड़े में बंधे हुए नारियल मिल जाएंगे। इसके पीछे की वजह यह है कि अगर आपकी अर्जी सामान्य है तो और लाल कपड़े में नारियल बांधें, अगर शादी-विवाह से जुड़ी अर्जी है तो नारियल को पीले कपड़े में बांधें और अगर अर्जी प्रेत बाधा से जुड़ी है तो नारियल को काले कपड़े में बांधें। इसके साथ ही यह भी कहा जाता है कि अगर आप यहां आकर ऐसा नहीं कर सकते तो अपने घर पर ही पूजा स्थल में नारियल के साथ अपनी अर्जी लगा सकते हैं। ऐसा विश्वास है कि घर पर लगी अर्जी भी बालाजी सुन लेते हैं।

आचार्य धीरेंद्र शास्त्री बताते हैं कि अगर आपने अर्जी सच्ची श्रद्धा से लगाई है और आपकी अर्जी स्वीकार हुई है तो आपको सपने में लगातार 2 दिन तक बंदर दिखाई देंगे। केवल एक दिन बंदर दिखाई दें तो यह माना जाता है कि आपकी अर्जी पहुंच चुकी है। अर्जी के स्वीकार होने पर घर के किसी सदस्य को सपने में 2 दिन तक बंदर दिखाई देंगे। अगर आपकी अर्जी स्वीकार न हुई हो यानी कि आपको सपने में बंदर न दिखें तो फिर से मंगलवार को ये उपाय करने होंगे। इन उपायों को 2 3 मंगलवार तक दोहराने से आपकी अर्जी अवश्य स्वीकार होगी। अगर आप बागेश्वर धाम सरकार मंदिर जा रहे हैं, तो सड़क मार्ग की मदद से या ट्रेन या हवाई मार्ग से यहां तक पहुंच सकते हैं। भोपाल से बागेश्वर धाम की दूरी करीबन 365 किमी है। ट्रेन से जाने की इच्छा रखने वालों के लिए बागेश्वर धाम छतरपुर रेलवे स्टेशन या फिर खजुराहो रेलवे स्टेशन से भी पहुंचा जा सकता है। इस रेलवे स्टेशन से धाम तक के लिए आपको टैक्सी या बस भी आसानी से मिल जाएगी। वहीं अगर आपको सड़क मार्ग से इस मंदिर में जाना है तो उसके लिए भी पहले खजुराहो आना पड़ेगा और फिर पन्ना रोड पर पन्ना गंज नाम के छोटे से कस्बे से 35 किमी दूर आकर आप यहां पहुंच जाएंगे।




# स्मार्ट सिटी को संवारने में दूनवासी करें भागीदारी : सोनिका, डीएम

देहरादून , 26 जनवरी , 'माई सिटी माई प्राइड' सर्वेक्षण के तहत डीएम सोनिका लोगों से फीडबैक लेने का काम कर रही हैं. वहीं, जनता दरबार में सड़क, पानी, बिजली जैसी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे रही हैं. उन्होंने स्मार्ट सिटी की योजनाओं में ज्यादा से ज्यादा नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देते हुए देहरादून को भारत का नंबर-1 शहर बनाने के लिए अपनी राय देने की अपील की है।

यहाँ आपको ये भी बता दें की उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में पिछले कुछ समय में विकास की रफ़्तार बढ़ी है. धामी सरकार में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत देहरादून की तस्वीर को संवारने की कोशिश की जा रही है.स्मार्ट सिटी के लिए दूनवासियों से राय भी ली जा रही है. डीएम और स्मार्ट सिटी की सीईओ सोनिका के सोशल मीडिया अकाउंट से एक लिंक जारी किया गया है, जिसमें जाकर नागरिक शहर को लेकर अपनी राय दे सकते हैं.



**ऑनलाइन करें शहर का मूल्यांकन**

अगर आप स्मार्ट सिटी के तहत होने वाले कार्यों पर अपनी राय देना चाहते हैं और देहरादून शहर को "माई सिटी माई प्राइड" के सर्वेक्षण में अव्वल चाहते हैं, तो आप https://eol2022.org/ लिंक पर जा सकते हैं या डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट देहरादून के फेसबुक पेज पर क्यूआर कोड स्कैन करके फॉर्म भर सकते हैं.

# स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाएंगे : युगल किशोर पंत, डीएम



रूद्रपुर 25 जनवरी , राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर परजिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने जिला कार्यालय में अधिकारियों तथा कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ, पारदर्शी, लोकतंत्र निर्माण हेतु हम सभी मंगल कामनाओं के साथ एक संकल्प लेकर उसका आजीवन पालन करते हुए, भावी पीढ़ी के मार्ग को उज्जवल करने हेतु शपथ दिलाई कि ''हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।''

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, जिला पूर्ति अधिकीर तेजबल सिंह, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित अधिकारी तथा कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# आज है गणतंत्र दिवस का भव्य जश्न रूट पढ़ लीजिये नहीं होगी परेशानी

## परेड ग्राउण्ड के चारों की यातायात व्यवस्था निम्नवत रहेगी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 25 जनवरी, आज गणतंत्र दिवस है। सबसे पहले न्यूज़ वायरस समूह की ओर से सभी पाठकों को हार्दिक बधाई। अब बात देहरादून के ट्रेफिक प्लान की करते हैं जो विशेष कार्यकर्मों की वजह से परेड ग्राउण्ड के चारों ओर सभी वाहनों, ठेलियों एवं रेहडियों का आवागमन / प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा। परेड के दौरान परेड ग्राउण्ड के चारों ओर पूर्णरुप से जीरो-जोन रहेगा।वीआईपी/अधिकारीगण ई0सी रोड, सर्वे चौक से रोजगार तिराहा से कान्वेन्ट तिराहे की ओर जाते ही दाहिने तरफ वीवीआईपी द्वार (मुख्य गेट न 01) से प्रवेश करेगें।गणतंत्र दिवस परेड के समस्त प्रतिभागियों, आर्मी, पैरामीलिट्री, पुलिस, होमगार्ड एवं प्रेस, कार्यक्रम देखने आने वाले समस्त नागरिक आदि अपने वाहन रेंजर्स ग्राउंड, मंगला देवी इण्टर कालेज / IRDTA ऑडिटोरियम नियर सर्वे चौक में पार्क कर पैदल परेड ग्राउण्ड के दोनों सामान्य प्रवेश द्वार ( गेट न 04 व 05 ) से कार्यक्रम स्थल में पहुंचेगें।




**पार्किंग व्यवस्था**

1. वीआईपी /अधिकारी गणों के वाहनों की पार्किंग मंच के पीछे होगी। 2. गणतंत्र दिवस परेड के समस्त प्रतिभागियों, आर्मी, पैरामीलिट्री, पुलिस, होमगार्ड एवं प्रेस, कार्यक्रम देखने आने वाले बुजुर्गो/बच्चों/महिलाओं आदि के वाहन रेंजर ग्राउंड, मंगला देवी इण्टर कालेज नियर सर्वे चौक में पार्क होगें।3. धर्मपुर, दर्शनलाल चौक, दून चौक की ओर से आने वाले समस्त वाहन रेंजर्स ग्राउण्ड में पार्क होगें। 4. सर्वे चौक की ओर से आने वाले वाहन मंगला देवी इण्टर कॉलेज ग्राउण्ड में पार्क होगें।5. राजपुर रोड़ से परेड में प्रतिभाग / दर्शको के वाहन सेंट जोसेफ सुभाष रोड़ पर दीवार के किनारे वन-साईड स्ट्रीट व लार्ड वेंकटेश वेडिंग प्वाइंट के अंदर पार्क होगें।

**बैरियर व्यवस्था**


परेड ग्राउण्ड के चारो ओर यातायात व्यवस्था बनाये जाने के सम्बन्ध में आउटर/इनर बैरियर प्वाईंटों पर व्यवस्था बनायी जायेगी –

**आउटर प्वाईट**

1. ई0सी0 रोड़ सर्वे चौक,2. मनोज क्लिनिक, 3. बुद्धा चौक, 4. दर्शनलाल चौक, 5. ओरिएण्ट चौक, 6. पैसिफिक तिराहा। केवल वीआईपी व पासधारक वाहन सीमित संख्या में प्रवेश कर सकेंगे।*** इनर प्वाईंट7. रोजगार तिराहा, 8. कनक चौक, 9. डूंगा हाऊस, 10. लैन्सडाऊन चौक, 11. कान्वेन्ट तिराहा।

पासधारकों / वीवीआईपी को छोड़कर इनर प्वाईंट से कोई भी वाहन परेड ग्राउण्ड की ओर नहीं जायेगा।

**विक्रमों के लिये डायवर्ट व्यवस्था**





1. 02 नम्बर रूट (रायपुर रूट) के समस्त विक्रम सहस्त्रधारा क्रासिंग से वापस भेजे जायेगें। 2. 03 नम्बर रूट (धर्मपुर रूट) के समस्त विक्रम तहसील चौक से दून चौक से एम0के0पी0 चौक की ओर से भेजे जायेगें 3. 05 नम्बर रूट(आई0एस0बी0टी रूट), 08 नम्बर रूट (कांवली रूट) के समस्त विक्रम रेलवे गेट से वापस भेजे जायेगें 4. प्रेमनगर रुट के समस्त विक्रम प्रभात कट से वापस भेजे जायेंगे।5. राजपुर रुट के विक्रम ग्लोब चौक से पैसिफिक तिराहे होते हुये बैनी बाजार से वापस राजपुर रोड़ पर भेजे जायेंगे।

**सिटी बसों के लिये डायवर्ट व्यवस्था**

1. आईएसबीटी से राजपुर रोड की ओर जाने वाली सिटी बसें दर्शनलाल चौक से घण्टाघर होते हुए राजपुर की ओर जायेंगी।2. रिस्पना की ओर से आने वाली सिटी बसें तहसील चौक से वापस दून चौक से एमकेपी चौक से आराघर को ओर वापस भेजी जायेंगी।3. रायपुर रोड से आने वाली सिटी बसें सहस्त्रधारा क्रांसिग से सहसधारा रोड से आईटी पार्क से राजपुर रोड घंटाघर से भेजी जायेंगी।

अक्षय कोंडे, पुलिस अधीक्षक यातायात देहरादून द्वारा समस्त दून वाषियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिश शुभकामनाओं के साथ अपेक्षा की गयी है कि गणतन्त्र दिवस -2023 के अवसर पर यातायात पुलिस को अपना अपेक्षित सहयोग प्रदान करनें का कष्ट करें साथ ही उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले समस्त वाहन चालकों से अनुरोध है कि कृपया अपने वाहनों को रूट के अनुसार निर्धारित पार्किंग स्थल में ही पार्क करें, सड़क पर वाहन पार्क न करें, निर्धारित रूटों का ही प्रयोग करें। उक्त कार्यक्रम के दौरान दुपहिया वाहनों का प्रयोग करें, अपने गन्तव्य तक पहुंचने के लिये वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करते हुए यातायात व्यवस्था बनाये रखने में जनपद पुलिस को अपना सहयोग प्रदान करें।

## संपादकीय

# हर बालिका को मिले बेहतर भविष्य

वर्षों के पूर्वाग्रह और अधीनता की बेड़ियों को तोड़कर लड़कियां वर्ष 2023 में अपने लिए एक नये मानक और उंचाईयां तय कर रही हैं. वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और रूढ़ियों को तोड़ कर उच्च पदों पर आसीन हो रही हैं. वे सामाजिक परिस्थितियों से पैदा हुई हर बाधाओं को चुनौती देकर उन्हें हरा रही हैं और खेल, पत्रकारिता, उद्यमिता, कला, वित्त, राजनीति, नौकरशाही समेत सभी क्षेत्रें में सफलता का परचम लहरा रही हैं. अष्टम उरांव, सुमति कुमारी, सलीमा टेटे और निक्की प्रधान जैसी लड़कियां इस बात की गवाह हैं कि चीजें धीरे-धीरे ही सही पर निश्चित रूप से बदल रही हैं. उन्होंने बार-बार यह प्रदर्शित किया है कि, यदि उन्हें उचित कौशल व अवसर मिले, तो वे अपने समुदायों में परिवर्तन के वाहक बन सकती हैं और महिलाओं, लड़कों और पुरुषों सहित सभी की प्रगति और भलाई में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकती हैं. लड़कियों की प्रगति के लिए जो लक्ष्य हासिल किये गये हैं, वह सरकारों, नीति निर्माताओं, संयुक्त राष्ट्र और नागरिक समाज संगठनों के ठोस प्रयासों का ही परिणाम है. एनएफएचएस–5 के आंकड़े के अनुसार, छः साल और उससे अधिक उम्र की स्कूल जाने वाली लड़कियों के अनुपात में बढ़ोतरी हुई है. 2015-16 में यह आंकड़ा 68.8 प्रतिशत था, जो कि 2019-21 में बढ़कर 71.8 प्रतिशत हो गया है. नये राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण-2021 के अनुसार, ग्रेड 3 और 5 में लड़कों एवं लड़कियों के बीच सीखने के स्तर में किसी प्रकार का लैंगिक अंतर नहीं पाया गया है, लेकिन ग्रेड 8 और 10 में लड़कों की दक्षता बेहतर पायी गयी है. शैक्षिक सहयोग की कमी और घर के कामों में लड़कियों की व्यस्तता उनकी शिक्षा पर भी बुरा असर डालती है, खासकर गरीब सामाजिक आर्थिक परिवेश से आने वाली लड़कियां इसके कारण अधिक प्रभावित होती हैं. प्रधान मंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद, एम्स, भारतीय सांख्यिकी संस्थान और हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक संयुक्त अध्ययन के अनुसार, लड़कियों के खिलाफ लैंगिक भेदभाव का असर न केवल उनको मिलने वाले असमान अवसरों में झलकता है, बल्कि इसका नकारात्मक असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ता है. राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, लड़कियां अभी भी समाज के सबसे कमजोर वर्गों में से एक हैं, जिनके खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार की सबसे अधिक घटनाएं होती हैं. 2020 में यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत 99 प्रतिशत से अधिक मामले, लड़कियों के खिलाफ होने वाले अपराधों में दर्ज किये गये हैं. दिव्यांग लड़कियों को सहायता और सरकार द्वारा प्रदत्त सेवाओं और सुविधाओं को प्राप्त करने में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की 287वीं शाखा का मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने किया उद्घाटन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश, 25 जनवरी, उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की 287वीं शाखा का शुभारंभ वित्त मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल और वन मंत्री सुबोध उनियाल ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। इस दौरान मोबाइल एटीएम, बैंक के पहले दिन खुले खाताधारकों से ऑनलाइन संवाद भी किया गया। साथ ही ऋण लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। ब्यासी में 287वीं बैंक की शाखा का शुभारंभ कर वित्त मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड ग्रामीण बैंक अपने सामाजिक दायित्वों का भली-भांति निर्वहन कर रहा है।



बैंक ग्राहकों को सुविधा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रगतिशील है और अधिक से अधिक बैंक की शाखाओं का विस्तार कर रहा है। जिससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं, जो कि सराहनीय कार्य है। डा. अग्रवाल ने कहा कि बैंक ने अपनी 148 शाखाएं गढ़वाल जनपद जबकि 138 शाखाएं कुमायूं जनपद में खोली हैं। वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित हो रही विभिन्न योजनाओं से बैंक लोगों को लाभान्वित कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल ट्रांजैक्शन का है और भारत वर्तमान में तेजी से डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ रहा है, आज भारत में लगभग 40 प्रतिशत ट्रांजैक्शन डिजीटली हो रहा है। इससे उत्तराखंड भी अछूता नहीं है। उन्होंने बैंक द्वारा मोबाइल एटीएम की सुविधा प्रदान करने पर बधाई दी। कहा कि इससे ग्राहकों को घर के समीप ही सुविधा मिल सकेगी।

इस मौके पर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि उत्तराखंड ग्रामीण बैंक भविष्य में ग्राहकों को और बेहतर बैंकिंग सेवा प्रदान करेगा। ब्यासी जैसे दुर्गम क्षेत्र में बैंक की शाखा खुलना स्थानीय नागरिकों के लिए सौगात भरा है। उन्होंने कहा कि इससे रिवर्स पलायन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में धनराशि जमा कर रही है जिससे बिचौलिए खत्म होते जा रहे है। उन्होने कहा कि सरकार प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य कर रही है और दूरस्थ क्षेत्र में पंक्ति पर खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचा रही है।इस अवसर पर बैंक के चेयरमैन हरिहर पटनायक ने बताया कि बैंक द्वारा समस्त डिजिटल प्लेटफॉर्म यथा ऑनलाइन खाता खोलने की सुविधा, एनईएफटी, आरटीजीएस, एटीएम मशीन, पीओएस मशीन, आईएमपीएस मोबाइल बैंकिंग सेवायें, मिस्ड कॉल अलर्ट, यूपीआई, एईपीएस, डीबीटी बैंकिंग सुविधायें प्रदान की जा रही है। बताया कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 2989 लाभार्थियो को 60.76 करोड़ ऋण दिया गया है। बैंक द्वारा कुल 230046 प्रधानमंत्री जनधन योजना खाते खोले गये है। बताया कि डिजिटल उत्पादों की वृद्धि एवं ग्राहक सुविधा हेतु नाबार्ड के सहयोग से बैंक की समस्त शाखाओं में माइक्रो एटीएम स्थापित किये गये। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड ग्रामीण बैंक राजकीय प्रायोजित योजनाओं जैसे स्पेशल कंपोनेंट प्लान, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली आदि में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। यहीं नहीं ऋण योजनाओं जैंसे मुद्रा योजना आदि में बैंक का योगदान बेहतर है।इस मौके पर उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के चेयरमैंन हरिहर पटनायक, महाप्रबंधक केएस बिष्ट, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण गोयल, प्रबंधक अमीता रतूड़ी, शाखा प्रबंधक ब्यासी मंजीत सिंह, प्रधान प्रतिनिधि संगटाली सुनील राणा, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा गजेंद्र राणा, मडंल महामंत्री रमेश पुंडीर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन दवाण, पूर्व प्रधान रघुवीर सिंह राणा, धनवीर सिंह कपसूड़ी, गोविंद दवाण, विनय पयाल, पप्पू गुंसाई, कान सिंह राणा, प्रवीण पुंडीर, पूर्व प्रधान उम्मेद भंडारी आदि स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।\

# राष्ट्रपति ने सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास को दिया स्पेशल अवार्ड

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 25 जनवरी । राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा उत्तराखंड के सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास को स्पेशल अवार्ड प्रदान किया गया। उत्तराखण्ड राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए मतदान पार्टियों द्वारा अपने गन्तव्य स्थान तक ईवीएम के सुरक्षित ट्रांसपोर्टेशन विशेषकर वीवीपैट के लिए ईवीएम बैग बनवाने का कार्य किया गया। इसके प्रयोग से मतदान कर्मियों को ईवीएम मशीनों को बैगपैक से कैरी करने में मशीन एवं कार्मिक दोनों को ही सुरक्षात्मक सुविधा प्राप्त हुई। आयोग द्वारा उत्तराखण्ड के इस अभिनव प्रयोग को सभी राज्यों में परिचालित कर इसे पैन इंडिया स्तर पर प्रयोग किए जाने की मान्यता प्रदान की गयी। इसी प्रकार ईवीएम के रख-रखाव एवं सकारात्मक प्रचार-प्रसार के लिए भी श्री दास द्वारा समय समय पर विभिन्न कार्य किए गए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2022 में विभिन्न निर्वाचनों के दौरान उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उन्हें विभिन्न श्रेणी यथा जनरल अवार्ड, स्पेशल अवार्ड, नेशनल अवार्ड फोर गवर्नमेंट डिपार्टमेंट-एजेंसी, पीएसयू एवं वेस्ट स्टेट अवार्ड तथा नेशनल मीडिया अवार्ड प्रदान किए जाने हेतु सभी राज्यों से प्रस्ताव मांगें गए थे। इसी क्रम में उत्तराखंड से सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, को स्पेशल अवार्ड के लिए चयनित किया गया।



# मताधिकार के प्रयोग से देश एवं प्रदेश के विकास में भागीदार बनें : राज्यपाल







देहरादून, 25 जनवरी । राजभवन ऑडिटोरियम में 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने प्रथम बार मतदाता बनने वाले युवाओं को मतदाता बैज एवं फोटो युक्त पहचान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने मतदाता जागरूकता हेतु राज्य के दो निर्वाचन आइकॉन पद्मश्री कल्याण सिंह रावत 'मैती' और पद्मश्री प्रीतम भरतवाण को सम्मानित किया। राज्यपाल ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में निर्वाचन प्रबंधन, स्वीप, एक्सेसिबल इलेक्शन आदि क्षेत्रों में एवं मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा तैयार किये गये कैलेंडर का विमोचन किया। राज्यपाल ने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई। इस अवसर पर राज्यपाल के सम्मुख निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार किये गए मतदाता गीत 'मैं भारत हूँ' का भी अनावरण किया गया।

मतदाता दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने प्रथम बार मतदाता बन रहे युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने मताधिकार के प्रयोग कर देश एवं प्रदेश के विकास में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि हमारे जीवंत लोकतंत्र के संचालन में चुनाव प्रक्रिया की प्रमुख भूमिका है। चुनाव प्रक्रिया की सफलता का आधार हमारे जागरूक मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि जागरूक मतदाता और उनके निर्वाचन में शत-प्रतिशत प्रतिभाग करना बहुत जरूरी है। यह हमारा कर्तव्य ही नहीं जिम्मेदारी भी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सभी निर्वाचनों में बढ़-चढ़कर मतदान में प्रतिभाग करें।

राज्यपाल ने कहा कि देश एवं प्रदेश के विकास के लिए ईमानदार, कर्मठ, कुशल जनप्रतिनिधि चुने जाने जरूरी हैं। इस कार्य की सफलता के लिए मजबूत चुनाव प्रणाली और जागरूक मतदाता का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को शत-प्रतिशत मतदान में भागीदारी सहभागिता करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी होना आवश्यक है। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि नये मतदाताओं को पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित किये जाने के साथ-साथ उन्हें मताधिकार का महत्व बताया जाना जरूरी है।

मतदाता दिवस के अवसर पर सचिव निर्वाचन दिलीप जावलकर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा इस वर्ष की थीम 'Nothing like Voting, I vote for Sure' 'वोट जैसा कुछ नहीं, मैं वोट जरूर करूंगा' है। सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रत्येक जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयुक्त चन्द्रशेखर भट्ट, मुख्य निर्वाचन अधिकारी सी.रविशंकर, अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस.भदौरिया, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह, राज्य नोडल अधिकारी स्वीप मो.असलम सहित निर्वाचन विभाग से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सम्मानित होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची-**

डीआईजी लॉ एंड ऑर्डर पी रेणुका देवी, जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल सौरभ गहरवार, जिलाधिकारी उत्तरकाशी अभिषेक रूहेला, जिलाधिकारी बागेश्वर अनुराधा पाल, अपर




जिलाधिकारी उत्तरकाशी तीरथ पाल सिंह, अपर जिलाधिकारी बागेश्वर चंद्र सिंह इमलाल, उप जिलाधिकारी जसपुर सीमा विश्वकर्मा, उप जिलाधिकारी पुरोला जितेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी सितारगंज तुषार सैनी, उप जिलाधिकारी गदरपुर राकेश चंद्र तिवारी, उप जिलाधिकारी भटवाड़ी चतर सिंह चौहान, उप जिलाधिकारी किच्छा कोस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी धनोल्टी लक्ष्मी राज चौहान, तहसीलदार जसपुर पुनम पंत, तहसीलदार पुरोला शीशपाल सिंह असवाल, तहसीलदार सितारगंज जगमोहन त्रिपाठी, तहसीलदार गदरपुर देवेंद्र सिंह बिष्ट, तहसीलदार भटवाड़ी सुरेश चंद्र भट्ट, तहसीलदार नैनबाग साक्षी उपाध्याय, तहसीलदार कंडीसौण किशन सिंह मंहत, तहसीलदार जोशियाड़ा सुरेश प्रसाद सेमवाल शामिल हैं।राष्ट्रपति ने सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास को दिया स्पेशल अवार्ड

# 'BharOS' : देश का पहला स्वदेशी मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम लांच

**न्यूज वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जनवरी , भारत का अपना स्वदेशी मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम मिल गया है। मोबाइल का स्वदेशी ऑपरेटिंग सिस्टम 'BharOS' का मंगलवार को सफल परीक्षण किया गया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व अश्विनी वैष्णव ने भारतीय ऑपरेटिंग सिस्टम को लांच किया। इस स्वदेशी मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम को आईआईटी मद्रास के स्टूडेंट्स ने बनाया है। नए भारत की इस नई उपलब्धि पर पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है।

'BharOS'indigenous system के सफल टेस्टिंग के बाद लांचिंग करते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि ऑपरेटिंग सिस्टम के डेवलपमेंट में शामिल सभी लोगों को बधाई। पहली बार जब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने आठ साल पहले डिजिटल इंडिया



के बारे में बात की थी तो हमारे कुछ दोस्तों ने उनका मजाक उड़ाया था लेकिन आज टेक्नोक्रेट, इनोवेटर्स, उद्योग और नीति निर्माता और शैक्षणिक संस्थान देश के लोगों ने आठ साल बाद उनके दृष्टिकोण को स्वीकार किया है। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस यात्रा में मुश्किलें आएंगी और दुनिया भर में ऐसे कई लोग हैं जो मुश्किलें लेकर आएंगे और नहीं चाहेंगे कि ऐसी कोई व्यवस्था सफल हो।

**क्या है 'BharOS' ऑपरेटिंग सिस्टम ?**

'BharOS', एक नया मोबाइल




ऑपरेटिंग सिस्टम है। इसके डेवलपर्स ने दावा किया है कि यह सिस्टम पूरी तरह से गोपनीयता और सुरक्षा पर केंद्रित है। 'BharOS' मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर भी Google के Android और Apple के iOS जैसा है जो स्मार्टफोन पर मुख्य इंटरफ़ेस है। 'BharOS' सरकार और सार्वजनिक प्रणालियों में उपयोग के लिए एक फ्री और ओपन-सोर्स ऑपरेटिंग सिस्टम (OS) विकसित करने के लिए एक भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजना है। परियोजना का उद्देश्य स्मार्टफोन में विदेशी ओएस पर निर्भरता को कम करना और स्थानीय रूप से विकसित प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देना है।

'BharOS' सर्विस वर्तमान में उन संगठनों को प्रदान की जा रही हैं जिनके पास कड़ी गोपनीयता और सुरक्षा आवश्यकताएं हैं और जिनके यूजर्स संवेदनशील जानकारी को संभालते हैं जिसके लिए मोबाइल पर प्रतिबंधित ऐप्स पर गोपनीय संचार की आवश्यकता होती है। ऐसे उपयोगकर्ताओं को निजी 5G नेटवर्क के माध्यम से निजी क्लाउड सेवाओं तक पहुंच की आवश्यकता होती है।